देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 337 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...महिलाओं को बराबरी का हक



देहरादून, शनिवार, 22 फरवरी 2020

# पेज थ्री





# एफएटीएफ में टेररिस्तान का ढाल बना चीन

■पाकिस्तान को आतंक के वित्त पोषण पर एफएटीएफ से मिली कड़ी चेतावनी

## पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट होने से बचायाः सूत्र



### पाकिस्तान का बैकअप करता रहा है चीन

चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से किया गया यह ट्वीट इस बात को पुष्ट करता है कि उसने एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान की मदद की है। इससे पहले चीन कई और मौकों पर पाकिस्तान का बैकअप करता रहा है। संयुक्त राष्ट्र में मसूद अजहर को आतंकी घोषित कराने के लिए भारत कई बार कोशिशें कर चुका है, लेकिन चीन इसमें पाकिस्तान का साथ देता रहा है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। भारत की कोशिशों के बावजूद पाकिस्तान ने खुद को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ब्लैकलिस्ट सूची में जाने से बचा लिया है। चीन की मदद के चलते पाकिस्तान खुद को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में बनाए रखने में सफल रहा है। सूत्रों का कहना है कि एफएटीएफ ने पाकिस्तान को 'ग्रे सूची' में बरकरार रखने का फैसला किया है। हालांकि पाकिस्तान को आतंक के वित्त पोषण पर एफएटीएफ से कड़ी चेतावनी मिली है और इस पर पूर्ण लगाम लगाने को कहा गया है। पाकिस्तान को जून तक का वक्त दिया गया है।

चीन के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा गया है, पाकिस्तान की सरकार ने आतंकवादी संगठनों को पहुंचाई जाने वाली आर्थिक मदद पर रोक लगाने में काफी प्रयास किए हैं, जिसे पेरिस में हुई बैठक में एफएटीएफ के अधिकांश सदस्यों द्वारा मान्यता दी गई है। चीन और अन्य देश इस क्षेत्र में पाकिस्तान को सहायता देना जारी रखेंगे। पाकिस्तान को टेररिस्तान स्थापित करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र में कई सबूत पेश कर चुका है, लेकिन चीन हमेशा से उसका बचाव करता रहा है। अब एफएटीएफ की बैठक में चीन ने पाकिस्तान का बचाव किया है। जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन करने वाला देश है। इस देश की सरकार आतंकियों की मददगार रही है।

अगर अप्रैल तक पाकिस्तान को इसी सूची से नहीं निकाला जाता तो वह ईरान जैसी काली सूची वाले देशों में शामिल हो जाएगा, जिन पर गंभीर आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए हैं।

### क्या है एफएटीएफ और कैसे करता है यह काम?

वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए 1989 में एफएटीएफ का गठन किया गया था। इसके 39 सदस्य हैं। इसमें 37 देश और दो क्षेत्रीय संगठन शामिल हैं। यह विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक संगठनों के साथ मिलकर काम करता है ताकि टेरर फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग की घटनाओं पर नकेल कसी जा सके। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था दिवालियेपन की कगार पर है और ग्रे लिस्ट में रखे जाने पर उसकी इकॉनमी को और नुकसान होगा। इससे जाहिर है उसकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों के बीच मतभेद भी उभरने लगे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शाहीन बाग में सीएए और एनआरसी को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन को दो महीने से अधिक समय हो चुका है, वहीं प्रदर्शनकारियों की तरफ से लगातार मांग की जा रही है कि इस कानून को वापस लिया जाए, लेकिन इस कानून के विरोध में एकजुट हुए प्रदर्शनकारियों में नेतृत्व और अगुवाई करने वाला कोई नहीं है, जिसे लेकर उनके बीच मतभेद भी है। शाहीनबाग में आए दिन लोग आपस में इस बात को लेकर झगड़ रहे हैं कि किससे पूछ कर तुम ने यह कदम उठाया।

### निर्मला सीतारमण से मिले मनीष सिसोदिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। वित्त विभाग संभालने वाले सिसोदिया ने इस दौरान दिल्ली के लिए केंद्रीय करों में हिस्सा मांगा और एमसीडी को भी अन्य राज्यों की तरह फंड देने की मांग रखी। दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद सिसोदिया की निर्मला से यह पहली मुलाकात है। हाल ही में सीएम केजरीवाल ने गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर सहयोग मांगा था।

### बंटवारे के समय हमारे पूर्वजों से एक गलती हो गई थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एक बार फिर से अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। केंद्रीय पशुपालन मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आजादी के समय पाकिस्तान बनने के बाद सभी मुसलमानों को वहां ना भेज पानी की कीमत आज भारत चुका रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पूर्वजों ने एक गलती कर दी। गिरिराज सिंह ने बिहार के सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया जिले में यह बयान दिया, जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में है।

## अमूल्या पर कर्नाटक सरकार लेगी ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ बेंगलुरु में रैली के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में मंच से ही नारेबाजी करने वाली अमूल्या लियोना पर येदियुरप्पा सरकार ऐक्शन के मोड में आ गई है। कर्नाटक के गृहमंत्री बसवराज बोम्मै ने कहा है कि सरकार अमूल्या के नक्सल लिंक की जांच कराएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी कहा था कि अमूल्या को जमानत नहीं दी जानी चाहिए। कर्नाटक के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा, अमूल्या उस जगह से आती हैं, जहां काफी समय से नक्सली गतिविधि चल रही है। उसने फेसबुक पर भी बहुत से पोस्ट शेयर किए हैं। हम इस ऐंगल से भी जांच करेंगे।

# चौतरफा घिरे वारिस, ओवैसी की फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मुंबई के भायखला से विधायक रह चुके वारिस पठान के हालिया बयान पर चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह से लेकर आरजेडी के तेजस्वी यादव तक ने इसका विरोध किया है। बीजेपी सांसद सत्यदेव पचौरी ने तो पठान को उत्तर प्रदेश आने का न्योता भी दे डाला है। इसबीच सूत्रों के मुताबिक, एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी पठान के बयान से नाराजगी

### ओवैसी ने पठान के बयान से जताई नाराजगी

जताई है और पठान को फटकार लगाई है।

**दर्ज की गई पठान पर शिकायत**

बता दें कि कर्नाटक के गुलबर्गा में 15 फरवरी को एक जनसभा के दौरान पठान ने बिना नाम लेते हुए कहा कि 100 करोड़ (हिंदुओं) पर 15 करोड़ (मुस्लिम) भारी पड़ेंगे।श वहीं, इस बयान को लेकर पठान के खिलाफ पुणे में शिकायत दर्ज कराई गई है।

**यह था वारिस का बयानः** कलबुर्गी में आयोजित एक जनसभा में पठान ने कहा था,



अगर आजादी दी नहीं जाती तो हमें छीननी पड़ेगी। वे कहते हैं कि हमने औरतों को आगे रखा है... अभी तो केवल शेरनियां बाहर निकली हैं तो तुम्हारे पसीने छूट गए। तुम समझ सकते हो कि अगर हम सब एक साथ आ गए तो क्या होगा। 15 करोड़ हैं लेकिन 100 करोड़ के ऊपर भारी हैं। यह याद रख लेना।

### राजा सिंह बोले- हम तैयार हैं

तेलंगाना के गोशामहल से बीजेपी विधायक टाइगर राजा सिंह ने वारिस पठान के बयान के जवाब में शाहीन बाग में बैठी महिलाओं को संभालने की नसीहत दे डाली है। उन्होंने कहा, वारिस पठान हम हिंदुओं से बाद में टकराना, पहले शाहीन बाग में बैठी अपने घर की औरतों को संभालो। हम तो तैयार हैं, जितने भी हो आ जाओ। बीजेपी नेता साक्षी महाराज ने कहा, जिहादी मुसलमान इस देश को गृह युद्ध की ओर ले रहे हैं।

# बड़े भाई मोदी से मिले उद्धव ठाकरे, सीएए पर भी चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शपथ लेने के करीब 3 महीने बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आज दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उद्धव के बेटे और राज्य के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। उद्धव ने बताया कि पीएम मोदी से महाराष्ट्र के मुद्दों के अलावा सीएए, एनपीआर और एनआरसी को लेकर भी चर्चा हुई।

महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि बैठक में पीएम मोदी से साफ कहा कि देशवासियों को सीएए से डरने की आवश्यकता नहीं है।

# बात मनवाने को जिद आतंकवाद है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रहे लोगों की निंदा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की किसी नीति या संसद में कानून के प्रति असहमति जताने का अधिकार है। इसमें किसी को कोई दिक्कत भी नहीं होनी चाहिए, लेकिन विज्ञान भवन के बाहर जब पांच लोग बैठ जाएं और अपनी कोई बात मनवाने की जिद पकड़ लें तो यह भी आतंकवाद का दूसरा रूप है।

**असहमति लोकतंत्र का हिस्सा, लेकिन जिद गलतः** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, लोकतंत्र में असहमति का स्थान है, लेकिन अगर विज्ञान भवन के बाहर जब पांच लोग बैठ जाएं और कहने लग जाएं कि हम यहां से तब तक नहीं हटेंगे, जब तक कि यह छात्र संसद एक संकल्प नहीं ले ले जिसे हम अपनाना चाहते हैं। तो यह आतंकवाद का दूसरा रूप है।

### निशाना

शाहीन बाग के लोगों पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का निशाना

**आक्रामकता के कई रूप हैं**

आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि आक्रामकता केवल हिंसा के रूप में नहीं आती है। यह कई रूपों में आती है। जैसे- यदि आप मेरी बात नहीं मानेंगे, तो मैं सामान्य जीवन को बाधित कर दूंगा। आरिफ मोहम्मद खान हमेशा से इस्लाम में कट्टरता की खिलाफत करते रहे हैं। आरिफ की पहचान एक विकासवादी नेता के रूप में रही है।

### जम्मू कश्मीर से खत्म होगा आतंकवाद

केरल के राज्यपाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया है। मैं इतना जरूर कहूंगा कि कश्मीर में चीजें सामान्य हो रही हैं, हमें उम्मीद है कि हम वहां आतंकवाद को खत्म करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा, चीजों को उलझाइए मत। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दूसरों पर अपने विचार मत थोपिये। अनुच्छेद 370 हटाए जाने पर उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 में कुछ नहीं बचा है। बस इसके बारे में थोड़ा पढ़ लें।

इससे पहले केरल के राज्यपाल ने नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में दिल्ली के शाहीन बाग में बैठे लोगों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बैठे लोगों की वजह से जन-जीवन प्रभावित हो रहा है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in